2024

HINDI

(Skill Enhancement Course)

Paper : HIN–SE–6014

(भाषा-शिक्षण)

Full Marks : 50

Time : 2 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×4=4

(क) 'भाई' और 'भ्राता' शब्दों में से कौन-सा तत्सम और कौन-सा तद्भव शब्द है?

(ख) निम्नलिखित वाक्य का शुद्ध रूप लिखिए :

लड़की ने केला खायी।

(ग) कौन-सी वर्तनी शुद्ध है—कवयित्री अथवा कवियत्री?

(घ) असमिया भाषा में प्रयुक्त 'कमला' शब्द (एक फल का नाम) को हिन्दी भाषा में किस नाम से जाना जाता है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×3=6

(क) कृत्रिम शब्द का अर्थ बताते हुए वाक्य में उसका प्रयोग कीजिए।

(ख) जल और पानी शब्दों के अंतर को स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'मानक' शब्द से क्या अभिप्राय है? एक उदाहरण दीजिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×2=10

(क) निम्नलिखित अनेक शब्दों के समूह के लिए एक शब्द लिखिए :

(i) जो कहा न जा सके
(ii) छिपाकर रखी जाने वाली बातें
(iii) जल में जन्म लेने वाला
(iv) विष्णु का उपासक
(v) जिसकी सीमा न हो

(ख) निम्नलिखित धातु-रूपों को अकर्मक क्रिया-रूपों में लिखिए :

(i) भूल
(ii) घूम
(iii) देख
(iv) फेर
(v) मोड़

(ग) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :

(i) प्रशंसा
(ii) प्रतिकूल
(iii) मानव
(iv) विजय
(v) राजा

(घ) देवनागरी लिपि का वैशिष्ट्य स्पष्ट कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर टिप्पणियाँ लिखिए :

(i) तत्सम
(ii) तद्भव
(iii) देशज
(iv) विदेशज

अथवा

पर्यायवाची और समार्थक शब्दों की अवधारणा बताते हुए उनमें निहित अंतरों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(ख) देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता का मूल्यांकन कीजिए।

अथवा

"कम्प्यूटरीकरण की दृष्टि से देवनागरी लिपि में संक्षेपण-संशोधन की आवश्यकता है।" इस कथन पर चर्चा कीजिए।

(ग) हिन्दी और असमिया भाषाओं के विशिष्ट शब्दों का उदाहरण सहित एक तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत कीजिए।

अथवा

भाषा-शिक्षण के परिप्रेक्ष्य में हिन्दी भाषा के भविष्य पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

★★★